## ऑपरेशन जागृति अभियान अपडेट दिनांक 17-11-2023 जनपद फिरोजाबाद।

महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा यूनीसैफ के पदाधिकारियों के माध्यम से जोन स्तर पर दिनांक 01-11-2023 को ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी जो कि आगरा जोन के समस्त जनपदों के ग्रामों में जाकर महिलाओं / बालिकाओं को उनके साथ संवाद स्थापित कर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में विभिन्न जानकारियाँ देकर जागरूक किया जाएगा।

### ऑपरेशन जागृति अभियान के मुख्य उद्देश्यः-

- हिंसा से पीडित महिलाओं / बालिकाओं को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना।
- यूवा बालिकाओं को साइबर हिंसा / यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना।
- पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना।
- किशोरियों के साथ हैल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना।
- महिलाओं / बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना।
- समुदाय को झूठे मुकदमों से होंने वाली क्षति के बारे में जागरूक करना व ऐसे मामलों में कमी लाना।
- विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना।
- भूमी/ जमीनी विवादों के मामलों में महिलाओं का ढाल बनाना दुर्पयोग करना।

आज दिनांक 17-11-2023 को ऑपरेशन जागृति अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत बैनीवाल गार्डन में विभिन्न ग्रामों / पंचायतों के ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, कोटेदार, महिलाओं / बालिकाओं / छात्र / छात्राओं व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों को ऑपरेशन जागृति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा बताया गया कि जनपद की पुलिस व प्रशासनिक टीम यूनीसैफ के पदाधिकारियों के माध्यम से 13 एनजीओ व 18 मनोवैज्ञानिकों संग जनपद के समस्त ग्रामों में जाकर महिलाओं / बालिकाओं व उनके अभिभावकों संग संवाद स्थापित कर उनके साथ काउसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराएंगे। उनको साइबर बुलिंग व यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करते हुए उनको उनके अधिकारों व सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करेंगे। इसी क्रम में महोदय द्वारा बताया गया कि ग्रामों में भूमि / जमीनी विवादों में महिलाओं को ढाल के रूप में प्रयोग किया जाता है। मुकदमे बाजी में उनको आगे करते हुए झूँठे मुकदमें लिखाए जाते हैं जिससे समाज में एक दूसरे के प्रति आक्रोश फैलता है, काउसलिंग के माध्यम से इस प्रकार के मामलों में कमी लाना है। जनपद में ऑपरेशन जागृति अभियान लगातार जारी है। इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।